3 1761 08140516 9

Shastri, Gaurishankar
Samskritasvayamśiksha
kaprabhā

PK
551
S45

॥ श्रीः ॥

विद्या भवन संस्कृत ग्रन्थमाला

१

॥ श्रीः ॥

संस्कृतस्वयंशिक्षकप्रभा

रचयिता-

विद्याभूषण पण्डित श्रीगौरीशङ्करशास्त्री

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

LIBRARY
MAR 28 1967
UNIVERSITY OF TORONTO
PK
551
S45

॥ श्रीः ॥

संस्कृतस्वयंशिक्षकप्रभा

SANSKRIT SWAYAM SHIKSHAK PRABHA.

प्रथमः भागः PART I.

प्रथमः पाठः LESSON I

श्रीगणेशं नमस्कृत्य साध्यसिद्धिविधायकम् ।
दीनबन्धुं कृपासिन्धुं सार्धं च शिवया शिवम् ॥ १ ॥
जेतलीजातिजातेन झङ्गपत्तनवासिना ।
विद्याभूषण-भूदेव-गौरीशङ्करशास्त्रिणा ॥ २ ॥
संस्कृतस्य स्वयंशिक्षाप्रचारार्थमियं प्रभा ।
विधीयते यथाज्ञानं नारीनरहिताय वै ॥ ३ ॥

श्रीगणेश-उमेश तथा, श्रीरमेश-परमेश ।
सुरेश-दिनेश-निशेश अरु, श्रीधनेश-वरुणेश ॥ १ ॥
काय-वचन-मन से तथा, कर के इन्हें प्रणाम ।
विद्याभूषण-शास्त्री, गौरीशङ्कर नाम ॥ २ ॥
संस्कृतस्वयंशिक्षक, प्रभा-यथानिजज्ञान ।
रचता हूं लुधियाना में, कुशल करें भगवान् ॥ ३ ॥

1. ब्राह्मण ।

श्रीविजयादशमीदिने, वीरवार शुभ जान ।
श्रीविक्रमीय बीस सौ, ग्यारह संवत् मान ॥ ४ ॥
प्रारम्भ प्रभा का किया, जगत् में हो प्रचार ।
व्यावहारिक रीति से लिखा, शब्द–वाक्यभण्डार ॥ ५ ॥

अक्षर (वर्ण[1]) Letters.

संस्कृत भाषा में अक्षर (अक्खर–अच्छर–हरफ़) दो प्रकार के होते हैं, स्वर (अच्) व्यञ्जन (हल्) ।

स्वर (अच्) Vowels.

अ आ (अ-आ) इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ए ऐ ओ औ (ओ-औ)

व्यञ्जन (हल्) Consonants.

क् ख् ग् घ् ङ् (कवर्ग)
च् छ् ज् झ् ञ् (चवर्ग)
ट् ठ् ड् ढ् ण् (टवर्ग)
त् थ् द् ध् न् (तवर्ग)
प् फ् ब् भ् म् (पवर्ग)
य् र् ल् व् श् ष् स् ह्
क्ष (क्ष्) ज्ञ ड़ त्र ॐ
अनुस्वार अं, विसर्ग अः,

बारहखड़ी–द्वादशाक्षरी ।

क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः ।
Ka Kā Ki Kī Ku Kū Ke Kai Ko Kau Kaṇ Kaḥ.

---

१. त्रिषष्टिश्चतुःषष्टिर्वा वर्णाः शम्भुमते मताः ॥

पठ् (धातु Root) पढ़ना To Read.

लट् (वर्तमान काल) Present tense.

(क्रिया Verb)

	एकवचन Singular Number,	द्विवचन Dual Number,	बहुवचन Plural Number
प्रथम पुरुष III P.	पठति	पठतः	पठन्ति
मध्यम पुरुष II P.	पठसि	पठथः	पठथ
उत्तम पुरुष I P.	पठामि	पठावः	पठामः

वाक्य Sentences.

पुंलिङ्ग Masculine gender.

सः पठति ॥	तौ पठतः ॥	ते पठन्ति ॥
वह पढ़ता है ॥	वे दो पढ़ते हैं ॥	वे सब पढ़ते हैं ॥
He reads.	They two read.	They read.
त्वं पठसि ॥	युवां पठथः ॥	यूयं पठथ ॥
तू पढ़ता है ॥	तुम दो पढ़ते हो ॥	तुम सब पढ़ते हो ॥
Thou readest.	You two read.	You read.
अहं पठामि ॥	आवां पठावः ॥	वयं पठामः ॥
मैं पढ़ता हूं ॥	हम दो पढ़ते हैं ॥	हम सब पढ़ते हैं ॥
I read.	We two read.	We read.

अनुवाद Translation पुं॰ M.

मैं पढ़ता हूं ॥	वह पढ़ता है ॥	तू पढ़ता है ॥
तुम सब पढ़ते हो ॥	हम सब पढ़ते हैं ॥	वे सब पढ़ते हैं ॥
हम दो पढ़ते हैं ॥	वे दो पढ़ते हैं ॥	तुम दो पढ़ते हो ॥

स्त्री लिङ्ग Feminine gender.

ए॰ S.	द्वि॰ D.	ब॰ P.
सा	ते	ताः

वाक्य Sentences.

सा पठति ॥	ते पठतः ॥	ताः पठन्ति ॥
वह पढ़ती है ॥	वे दो पढ़ती हैं ॥	वे सब पढ़ती हैं ॥
She reads.	They Two read.	They read.
त्वं पठसि ॥	युवां पठथः ॥	यूयं पठथ ॥
तू पढ़ती है ॥	तुम दो पढ़ती हैं ॥	तुम सब पढ़ती हो ॥
Thou readest.	You Two read.	You read.
अहं पठामि ॥	आवां पठावः ॥	वयं पठामः ॥
मैं पढ़ती हूं ॥	हम दो पढ़ती हैं ॥	हम सब पढ़ती हैं ॥

अनुवाद Translation स्त्री॰ F.

तू पढ़ती है ॥	हम दो पढ़ती हैं ॥	वे सब पढ़ती हैं ॥
मैं पढ़ती हूं ॥	तुम दो पढ़ती हो ॥	हम सब पढ़ती हैं ॥
वह पढ़ती है ॥	वे दो पढ़ती हैं ॥	तुम सब पढ़ती हो ॥

अव्ययं शब्दाः Indeclinables.

शब्दाः,	अर्थः	शब्दाः,	अर्थः	शब्दाः,	अर्थः,
अद्य	आज	कथम्	कैसे	हि-(एव)	ही
ह्यः	कल (बीता हुआ)	सदा	हमेशा	वा	या
श्वः	कल (आने वाला)	कदा	कब	अथवा	या
परश्वः	परसों	यदा	जब	अपि	भी
अत्र	यहां	तदा	तब	तु	तो
तत्र	वहां	अधुना	अब	शीघ्रम्	जल्दी
कुत्र	कहां	अधुनैव	अभी	शनैः	धीरे २
सर्वत्र	सब जगह	कदापि	कभी	धिक्	धिक्कारलानत
यथा	जैसे	पुनः	फिर	प्रति	ओर
तथा	वैसे	च	और	विना	विना
एवम्	ऐसे	न	नहीं	सह	साथ
				कुतः	क्यों
				नमः	नमस्कार
				स्वस्ति	कल्याण सुख

कर्ता Subject or कर्तृकारक Nominative case

अकारान्त 'देव' शब्द God. पुं० M.

(प्रथमा-विभक्तिने)

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
देवः	देवौ	देवाः

---

१. सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु ।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥ १ ॥

अर्थ—पुंलिङ्ग-स्त्रीलिङ्ग-नपुंसकलिङ्ग, तीनों लिङ्गों में, प्रथमा-द्वितीया-तृतीया-

एवम्—

(शब्दाः)	(अर्थः)			
छात्र	विद्यार्थी	छात्रः	छात्रौ	छात्राः
बाल	लड़का	बालः	बालौ	बालाः
बालक	"	बालकः	बालकौ	बालकाः
कुमार	बालक	कुमारः	कुमारौ	कुमाराः
नर	आदमी	नरः	नरौ	नराः

संस्कृत वाक्यानि Sentences.

१ छात्राः पठन्ति
सब विद्यार्थी पढ़ते हैं

२ त्वं कथं पठसि ?
तू कैसे पढ़ता है

३ तौ अत्र पठतः
वे दो यहां पढ़ते हैं

४ अधुना अहं पठामि
अब मैं पढ़ता हूं

५ सः न पठति
वह नहीं पढ़ता है

६ देवाः पुनः पठन्ति
सब देव फिर पढ़ते हैं

७ वयं तत्र पठामः
हम सब वहां पढ़ते हैं

अनुवाद Translation.

१ मैं यहां पढ़ता हूं
२ लड़का कहां पढ़ता है
३ हम वहां पढ़ते हैं ?
४ तू फिर पढ़ता है
५ वह कैसे पढ़ता है ?
६ तुम तो नहीं पढ़ते

चतुर्थी-पञ्चमी-षष्ठी-सप्तमी-संबोधन इन विभक्तियों में तथा एकवचन-द्विवचन-बहुवचन इन वचनों में जो समान (बदलता नहीं) है, वह 'अव्यय' है ॥

द्वितीयः पाठः Lesson II.

लिख् (धातु Root) To Write. लिखना,

वर्तमान काल Present tense.

(क्रिया Verb)

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	लिखति	लिखतः	लिखन्ति
म० पु० II P.	लिखसि	लिखथः	लिखथ
उ० पु० I P.	लिखामि	लिखावः	लिखामः

एवम्—

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
खाद्–खाना,	खादति	खादतः	खादन्ति
वद्–बोलना,	वदति	वदतः	वदन्ति
चल्–चलना,	चलति	चलतः	चलन्ति
पच्–पकाना,	पचति	पचतः	पचन्ति

एवम्—

कर्म कारक Objective Case.

(द्वितीया विभक्ति, को)

अध्यापक, पाठक ……………पढ़ाने वाला, शिक्षक, उस्ताद

शिष्य……………………चेला, शिक्षा लेने वाला

ग्रन्थ……………………पुस्तक, पोथी, किताब

पाठ……………………संथा, सबक

सुलेख ………………… सुन्दरलेख, अच्छा लिखना, खुश खत
पाचक ………………… पकाने वाला, रसोइया

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
देवम्	देवौ	देवान्

वाक्य Sentences.

१ अहं सुलेखं लिखामि
मैं सुन्दर लेख लिखता हूं

२ शिष्याः किं वदन्ति ?
चेले क्या कहते हैं ?

३ वयं ग्रन्थं लिखामः ?
हम पुस्तक लिखते हैं ?

४ ते न लिखन्ति
वे नहीं लिखते हैं

५ वयं पाठं पठामः
हम पाठ पढ़ते हैं

६ रामः कुत्र चलति ?
राम कहां जाता है ?

७ अहम् अपि खादामि
मैं भी खाता हूं

८ कृष्णः किं पठति ?
कृष्ण क्या पढ़ता है ?

९ देवौ वदतः
दो देव बोलते हैं

१० यूयं कुत्र पठथ ?
तुम सब कहां पढ़ते हो ?

अनुवाद Translation

१ अब हम नहीं चलते हैं ।
२ मोहन पढ़ता है, लिखता नहीं ।
३ वह तो जल्दी बोलता है ।
४ बालक कुछ (किञ्चित्) नहीं खाता ।
५ ईश्वरदत्त क्या पढ़ता है ? ।
६ मैं सदा सुलेख लिखता हूं ।
७ तुम अभी चलते हो ।

तृतीयः पाठः Lessan III.

दृश् (धातु Root) (पश्य) देखना To See.

लट् (वर्तमान काल) Present tense.

(क्रिया Verb)

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	पश्यति	पश्यतः	पश्यन्ति
म० पु० II P.	पश्यसि	पश्यथः	पश्यथ
उ० पु० I P.	पश्यामि	पश्यावः	पश्यामः

एवम्—प्रच्छ् (पृच्छ) पूछना ॥ गम् (गच्छ) जाना ॥ आगम् (आगच्छ) आना ॥ इष् (इच्छ) चाहना ॥ दाण् (यच्छ) देना ॥ पा (पिब) पीना ॥ स्था (तिष्ठ) ठहरना ॥

करण कारक Instrumental case.

(तृतीया विभक्ति, कर के–ने–से–द्वारा)

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
देवेन	देवाभ्याम्	देवैः

एवम्—

जनक—पिता	पुत्र—बेटा, पूत
पितृव्य—चाचा	पौत्र—पोता, पुत्र का पुत्र
मातुल—मामा	प्रपौत्र—पड़पोता, पोते का लड़का

सह–साकम्–सार्धम्–समम्–(साथ, सहित) With.

वाक्य Sentences.

१ त्वं किं पश्यसि ?
तू क्या देखता है ?

२ ते तत्र तिष्ठन्ति
वे वहां ठहरते हैं

३ अहम् अधुनैव आगच्छामि
मैं अभी आता हूं

४ मोहनः किं पृच्छति ?
मोहन क्या पूछता है ?

५ वयं तत्र गच्छामः
हम वहां जाते हैं

६ यूयं किम् इच्छथ ?
तुम क्या चाहते हो ?

७ तौ कुत्र तिष्ठतः ?
वे दो कहां ठहरते हैं ?

८ श्रीरामः ग्रन्थं यच्छति
श्रीराम ग्रन्थ देता है

९ पौत्रः पुनः आगच्छति
पोता फिर आता है

१० किं पिबति कुमारः ?
कुमार क्या पीता है ?
क्या पीता है कुमार ?

अनुवाद Translation.

१ पिताजी (श्री जनक) के साथ पुत्र जाता है ।

२ पोता अब क्या चाहता है ? ।

३ चाचा जी (श्री पितृव्य) क्या पूछते हैं ? ।

४ मामा जी वहां ठहरते हैं ।

५ अब मैं वहां नहीं जाता हूं ।

६ राम आता है और कृष्ण जाता है ।

७ हम भलीभांति (साधुप्रकारेण) चांद (चन्द्र) को देखते हैं ।

चतुर्थः पाठः Lesson IV.

धाव (धातु Root) दौड़ना To Run.

वर्तमान काल Present tense.

(क्रिया Verb)

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	धावति	धावतः	धावन्ति
म० पु० II P.	धावसि	धावथः	धावथ
उ० पु० I P.	धावामि	धावावः	धावामः

एवम्—

हस्—हंसना ॥ रक्ष—रक्षा करना ॥ तॄ (तर) तैरना ॥ परिभ्रम—घूमना, सैर करना ॥

सम्प्रदान कारक Dative Case.

(चतुर्थी विभक्ति, लिये-वास्ते-को-निमित्त)

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
देवाय	देवाभ्याम्	देवेभ्यः

एवम्—

भूप-नृप—राजा	पुरोहित—पुरोहित
गज—हाथी	यजमान—जजमान
अश्व—घोड़ा	लड्डू-मोदक—लड्डू-पेड़ा
	लाभ—लाभ (फायदा)

वाक्य Sentences.

१ ओं नमः शिवाय
शिव को नमस्कार

२ अहं ब्राह्मणाय ग्रन्थं यच्छामि
मैं ब्राह्मण को ग्रन्थ देता हूं

३ नृपः पुरोहिताय गजं यच्छति
राजा पुरोहित को हाथी देता है

४ लाभाय वदामः
हम लाभ के लिये कहते हैं

५ सः सदा परिभ्रमति
वह सदा सैर करता है

६ भूपः सदा रक्षति
राजा सदा रक्षा करता है

७ श्रीजनकाय नमः
श्री पिताजी को नमस्कार

८ श्रीरामाय नमः श्रीकृष्णाय च
श्रीराम और श्रीकृष्ण को नमः

९ छात्राः कुत्र परिभ्रमन्ति ?
विद्यार्थी कहां सैर करते हैं ?

१० बालाः पुनः पुनः हसन्ति
लड़के फिर २ हंसते हैं

अनुवाद Translation.

१ यजमान पुरोहित के लिये हाथी और घोड़ा देता है।
२ हम ब्राह्मणों को लड्डू और पेड़े देते हैं।
३ मैं आनन्द के लिये सदा यहां तैरता हूं ।
४ वह अब छात्रों के लिये ग्रन्थ देता है।
५ तू राम के साथ अब कहां जाता है ?।
६ सूर्य और चन्द्र को नमस्कार।
७ ईश्वर सब जगह (सर्वत्र) रक्षा करता है।

पञ्चमः पाठः Lesson V.

पत् (धातु Root) गिरना To Fall.

वर्तमान काल Prasent tense.

(क्रिया Verb)

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	पतति	पततः	पतन्ति
म० पु० II P.	पतसि	पतथः	पतथ
उ० पु० I P.	पतामि	पतावः	पतामः

एवम्—

वस्–रहना ॥ उद्+स्था (उत्तिष्ठ) उठना ॥ क्रीड–खेलना ॥ णम् (नम्) झुकना, नमस्कार करना ॥ प्र+णम्–प्रणम् प्रणाम करना ॥

अपादान कारक Ablative case.

(पञ्चमी विभक्ति–से (वियोग–जुदाई)

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
देवात्	देवाभ्याम्	देवेभ्यः

एवम्—

पर्वत—पहाड़ सिंह—शेर

वृक्ष—पेड़ घोटक—(अश्व) घोड़ा

भूकम्प—भूचाल गर्दभ—गधा

लोक—संसार, लोग आनन्द—प्रसन्नता, खुशी

वाक्य Sentences.

१ सः घोटकात् पतति
वह घोड़े से गिरता है

२ पाठकात् पाठं पठामः
हम पाठक से पाठ पढ़ते हैं

३ पर्वतात् अपि न पतसि
तू पहाड़ से भी नहीं गिरता है

४ अश्वारोहाः अश्वात् न पतन्ति
सवार घोड़े से नहीं गिरते हैं

५ अधुना अहम् उत्तिष्ठामि
अब मैं उठता हूं

६ अध्यापकात् छात्रः बिभेति
पाठक से विद्यार्थी डरता है

७ अहं ग्रामात् आगच्छामि
मैं गाँव से आता हूं

८ बालाः वृक्षात् पतन्ति ।
बालक पेड़ से गिरते हैं

९ श्रीशिवाय नमः ।
शिवजी को नमस्कार

१० छात्राः छात्रैः सह क्रीडन्ति
विद्यार्थी विद्यार्थियों के साथ खेलते हैं

अनुवाद Translation.

१ बन्दर (वानर) पहाड़ से भी नहीं गिरते हैं ।

२ अब हम जल्दी ही उठते हैं (उत्तिष्ठामः) ।

३ मैं यहां पेड़े खाता हूं ।

४ वह बालकों के साथ नहीं खेलता ।

५ श्रीरामचन्द्र जी को नमस्कार ।

६ तू अब कहां रहता है ? ।

७ योगिजन शेर से भी नहीं डरतें हैं ।

षष्ठः पाठः Lessan VI.

चुर् (धातु Root) चुराना To Steel.

वर्तमान काल Present tense.

(क्रिया Verb)

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	चोरयति	चोरयतः	चोरयन्ति
म० पु० II P.	चोरयसि	चोरयथः	चोरयथ
उ० पु० I P.	चोरयामि	चोरयावः	चोरयामः

एवम्—

कथ–कहना = कथयति ॥ गण–गिनना = गणयति ॥ रच–रचना, पुस्तक बनाना=रचयति ॥ क्षल–धोना क्षालयति ॥ तड्–ताड़ना, पीटना=ताडयति ॥

सम्बन्ध Genitive or possessive.

(षष्ठी विभक्ति–का–की–के, रा–री–रे, ना–नी–ने)

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
देवस्य	देवयोः	देवानाम्

एवम् —

शूर-वीर–सूरमा, बहादुर । सङ्ग्राम–रण, लड़ाई, युद्ध । खड्ग–करवाल–तलवार कृपाण । सैनिक–सिपाही, सन्तरी, फौजी आदमी । बाण–बान, तीर । जय–विजय-जीत । पराजय–हार ।

वाक्य Sentences.

१ श्रीमहावीराय नमः श्री महावीरजी को नमस्कार	६ किं गणयन्ति ते ?, वे क्या गिनते हैं ?,
२ त्वं किं चोरयसि ? तू क्या चुराता है ?	७ वेदस्य पाठं पठामः, हम वेद का पाठ पढ़ते हैं
३ सैनिकाः शीघ्रं धावन्ति फौजी जल्दी दौड़ते हैं	८ अहं विद्यालयं पश्यामि मैं विद्यालय देखता हूं
४ नूतनं समाचारं कथयामि मैं नया हाल कहता हूं	९ अर्जुनस्य बाणाः पतन्ति अर्जुन के बाण (तीर) गिरते हैं
५ हस्तौ पादौ प्रक्षालयामः हम हाथ पांव धोते हैं	१० देवानां दैत्यानां च सङ्ग्रामः देवताओं और दैत्यों का युद्ध

अनुवाद Translation.

१ तू अब फिर क्या कहता है ?

२ मैं वहां हाथ धोता हूं

३ फौजी आदमी कहां जाते हैं ?

४ श्रीराम का घोड़ा सरपर (अतिशीघ्रम्) दौड़ता है

५ चोर (चौर) मोहन का हाथी चुराते हैं

६ सूरमा यहां तलवार देखते हैं

७ वह छात्र अध्यापकजी को प्रणाम नहीं करता है (न प्रणमति)

सप्तमः पाठः Lesson VII.

भू (भव्) धातु (Root) होना To be.

वर्तमान काल Present tense.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	भवति	भवतः	भवन्ति

अस् (धातु Root) होना To be.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	अस्ति Is	स्तः Are	सन्ति Are
म० पु० II P.	असि Art	स्थः Are	स्थ Are
उ० पु० I P.	अस्मि Am	स्वः Are	स्मः Are

अधिकरण कारक Locative case.

(सप्तमी विभक्ति–में पर)

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
देवे	देवयोः	देवेषु

एवम्—

शिवालय–शिवमन्दिर	मूक–गूंगा
विद्यालय–पाठशाला	खल्वाट–गंजा
छात्रालय–बोर्डिङ्ग हौस	काण–काणा
पुस्तकालय–लाइब्रेरी	बधिर–बहरा
औषधालय–दवाखाना	खञ्ज–लंगड़ा, पङ्गु
	कुब्ज–कुबड़ा

वाक्य Sentences.

१ शिवालये शिवं पूजयति।
वह शिवालय में शिव पूजता है।

२ वयं विद्यालये पठामः।
हम पाठशाला में पढ़ते हैं।

३ छात्राः छात्रालये वसन्ति।
विद्यार्थी बोर्डिङ्ग हौसमें रहते हैं।

४ पुस्तकालये ग्रन्थान् पश्यति रामदेवः।
पुस्तकालय में रामदेव ग्रन्थ देखता है।

५ औषधालयः कुत्र अस्ति ?
दवाखाना कहां है ?

६ सदा धर्मस्य जयः भवति। नाऽधर्मस्य
सदा धर्म की जय होती है। अधर्म (पाप) की नहीं।

७ किं त्वं मूकः असि ?
क्या तू गूँगा है ?

८ सः नास्ति (न+अस्ति) खञ्जः।
वह नहीं है लंगड़ा।

९ हरिद्वारे वहुवानराः सन्ति।
हरिद्वार में बहुत बन्दर हैं।

१० अधुना वयं तत्र न वसामः।
अब हम वहां नहीं रहते (बसते)।

अनुवाद Translation.

१ पुस्तकालय का ग्रन्थ नहीं है।
२ वह कृष्ण के साथ हरिद्वार जाता है।
३ भूचाल (भूकम्प) से मैं नहीं डरता हूं (बिभेमि)।
४ अब हम बोर्डिङ्ग हौस में ही रहते हैं।
५ गूँगा आदमी कहां है ?
६ गंजा पुरुष गरीब (निर्धन) नहीं होता है।
७ छात्र विद्यालय में गाते हैं (गायन्ति)।

अष्टमः पाठः Lesson VIII.

कृ (धातु Root) करना To Do.

वर्तमान काल Present tense.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	करोति	कुरुतः	कुर्वन्ति
म० पु० II P.	करोषि	कुरुथः	कुरुथ
उ० पु० I P.	करोमि	कुर्वः	कुर्मः

श्रु (धातु Root सुनना To Hear.

वर्तमान काल Present tense.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	शृणोति	शृणुतः	शृण्वन्ति
म० पु० II P.	शृणोषि	शृणुथः	शृणुथ
उ० पु० I P.	शृणोमि	शृणुवः शृण्वः	शृणुमः शृण्मः

सम्बोधन Vocative.

(प्रथमा विभक्ति हे, भोः, अयि, रे, अरे, ओ)

ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
हे देव !	हे देवौ !	हे देवाः !

एवम् — महाराज=बड़ा राजा । नाथ=मालिक । महाशय=सज्जन, भलापुरुष । समुद्र=समुन्दर । जलाशय=तडाग, तालाब । कूप=कुआँ । सेवक=दास, नौकर । नद=बड़ा दरिया ।

वाक्य Sentences.

१ श्रीमहावीरस्य प्रसादं खादामः
हम श्री हनुमान्जी का प्रसाद खाते हैं।

२ मूर्खाः जनाः किं कथयन्ति ?
मूर्ख आदमी क्या कहते हैं ?

३ हे राम ! कुत्र गच्छसि ?
हे राम ! तू कहां जाता है ?

४ भोः बालाः ! तत्र किं कुरुथ ?
अरे लड़को ! वहां तुम क्या करते हो ?

५ उपदेशं शृणोमि भोः !
अरे (ओ) मैं उपदेश सुनता हूं।

६ महाशय ! समुद्रं गच्छामि ।
हे महाशय ! मैं समुन्दर को जाता हूं।

७ अयि छात्राः ! किं पठथ ?
विद्यार्थियो ! तुम क्या पढ़ते हो ?

८ बालकाः बालैः सह क्रीडन्ति ।
लड़के लड़कों के साथ खेलते हैं।

९ सेवक ! तत्र किं करोषि ?
रे सेवक ! वहां तू क्या करता है ?

१० रे मूर्ख ! किं वदसि ?
अरे मूर्ख ! तू क्या कहता है ?

अनुवाद Translation.

१ महाशय ! अब कहां रहते हो ?
२ हे महाराज ! पण्डित लोग अभी आते हैं।
३ अरे लड़को ! तुम क्या करते हो ?
४ मूर्ख लोग भला उपदेश (हितोपदेश) नहीं सुनते हैं।
५ हे नाथ ! अब मैं विद्यालय में पढ़ता हूं।
६ अरे सेवक ! तू कुछ (किञ्चित्) सुनता है वा नहीं ?
७ दास सदा यहां आता जाता है।

नवमः पाठः Lesson IX.

पठ् (धातु Root) पढ़ना To Read.

लङ् (भूत काल) Past tense.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	अपठत्	अपठताम्	अपठन्
म० पु० II P.	अपठः	अपठतम्	अपठत
उ० पु० I P.	अपठम्	अपठाव	अपठाम

एवम्—लिख्–लिखना, अलिखत्। खाद्–खाना, अखादत्। वद्–बोलना, अवदत्। चल्–चलना, अचलत्। पच्–पकाना, अपचत्। दृश्–देखना, अपश्यत्। प्रच्छ्–पूछना, अपृच्छत्। गम्–जाना, अगच्छत्। आगम्–आना, आगच्छत्। इष्–चाहना, ऐच्छत्। दाण्–देना, अयच्छत्। पा-पीना, अपिबत्। स्था–ठहरना, अतिष्ठत्। धाव्–दौड़ना, अधावत्। हस्–हंसना, अहसत्। रक्ष्–रक्षाकरना, अरक्षत्। तृ–तैरना, अतरत्। परिभ्रम्–सैरकरना, पर्यभ्रमत्। पत्–गिरना, अपतत्। वस्–रहना, अवसत्। उद्+स्था–उठना, उदतिष्ठत्। क्रीड्–खेलना, अक्रीडत्। णम् (नम्)-झुकना, अनमत्। चुर्–चुराना, अचोरयत्। कथ कहना, अकथयत्। क्षल–धोना, अक्षालयत्। गण–गिनना, अगणयत्। भू–होना, अभवत्। अस्–होना—

प्र० पु० III P.	आसीत्	आस्ताम्	आसन्
म० पु० II P.	आसीः	आस्तम्	आस्त
उ० पु० I P.	आसम्	आस्व	आस्म

१. पठति स्म, पठतः स्म, पठन्ति स्म इत्यादि। वर्तमानकालिक धातुओं के पीछे 'स्म' लगाने से भूतकालिक बन जाते हैं।

वाक्य Sentences.

पुंलिङ्ग Masculine gender.

सः अपठत् ।	तौ अपठताम् ।	ते अपठन्
वह पढ़ा ।	वे दो पढ़े ।	वे सब पढ़े ।
He read	They two read.	They read.
त्वम् अपठः ।	युवाम् अपठतम् ।	यूयम् अपठत ।
तू पढ़ा ।	तुम दो पढ़े ।	तुम सब पढ़े ।
Thau readest.	you two read.	you read.
अहम् अपठम् ।	आवाम् अपठाव ।	वयम् अपठाम ।
मैं पढ़ा ।	हम दो पढ़े ।	हम सब पढ़े ।
I read.	We two read.	We read.

१ त्वं पुनः कुत्र अपठः ?
तू फिर कहां पढ़ा ?

२ वयम् अत्र न अपठाम
हम यहां नहीं पढ़े

३ अहं पुनः तत्र न अपठम्
मैं फिर वहां नहीं पढ़ा

४ मोहनस्य विवाहः अभवत्
मोहन की शादी हो गई

५ महाराजस्य घोटकः आगच्छत्
महाराज का घोड़ा आया ।

६ सः ग्रामम् अगच्छत् ।
वह गांव को चला गया ।

७ रामः रावणं हन्तिस्म ।
राम ने रावण को मारा ।

८ नाथः किं करोतिस्म ?
नाथ ने क्या किया ?

९ अहम् उपदेशं न शृणोमिस्म ।
मैं ने उपदेश नहीं सुना ।

१० बालः वृक्षात् अपतत् ।
लड़का पेड़ से गिरा ।

अनुवाद Translation.

१ मैं हरिद्वार को चला गया था। ५ तू अब कहां गया था ?
२ महाराज की फिर जीत हुई। ६ मोहन ! बन्दर फिर आगये ।
३ छात्रों ने स्वर से वेदमन्त्र पढ़े। ७ श्रीराम दशरथ का बेटा था (आसीत्)।
४ हम विद्यालय में नहीं पढ़े ।

दशमः पाठः Lesson X.

पठ् (धातु Root पढ़ना To read.

लृट् (भविष्यत् काल Future tense.

प्र० पु० III P.	पठिष्यति	पठिष्यतः	पठिष्यन्ति
म० पु० II P.	पठिष्यसि	पठिष्यथः	पठिष्यथ
उ० पु० I P.	पठिष्यामि	पठिष्यावः	पठिष्यामः

एवम्–लिख–लिखना, लेखिष्यति। खाद्–खाना, खादिष्यति। वद्–बोलना, वदिष्यति। चल्–चलना, चलिष्यति। पच्–पकाना, पक्ष्यति। दृश्–देखना, द्रक्ष्यति। प्रच्छ्–पूछना, प्रक्ष्यति। गम्–जाना, गमिष्यति। आ+गम्–आना, आगमिष्यति। इष्–चाहना, एषिष्यति। दाण्–देना, दास्यति। पा–पीना, पास्यति। स्था–ठहरना, स्थास्यति। धाव् दौड़ना, धाविष्यति। हस्–हंसना, हसिष्यति। परिभ्रम्–घूमना, सैर करना, परिभ्रमिष्यति। पत्–गिरना, पतिष्यति। वस्–रहना, वत्स्यति। उद् + स्था–उठना, उत्थास्यति। क्रीड्–खेलना, क्रीडिष्यति। णम् (नम्)–झुकना, नंस्यति। चुर–चुराना, चोरयिष्यति। कथ–कहना, कथयिष्यति। क्षल–धोना, क्षालयिष्यति। गण–गिनना, गणिष्यति। भू–होना, भविष्यति। अस्–होना, भविष्यति। कृ–करना, करिष्यति। श्रु–सुनना, श्रोष्यति।

वाक्य Sentences.

पुंलिङ्ग Masculine gender.

सः पठिष्यति।	तौ पठिष्यतः।	ते पठिष्यन्ति।
वह पढ़ेगा।	वे दो पढ़ेंगे।	वे सब पढ़ेंगे।
He will read.	They two will read.	They will read.

त्वं पठिष्यसि ।	युवां पठिष्यथः ।	यूयं पठिष्यथ ।
तू पढ़ेगा ।	तुम दो पढ़ोगे ।	तुम सब पढ़ोगे ।
Thou will read.	You two will read.	You will read.
अहं पठिष्यामि ।	आवां पठिष्यावः ।	वयं पठिष्यामः ।
मैं पढ़ूंगा ।	हम दो पढ़ेंगे ।	हम सब पढ़ेंगे ।
I shall read.	We two shall read.	We shall read.

१ अद्य छात्राः सुलेखं लेखिष्यन्ति
आज छात्र सुलेख लिखेंगे ।

२ श्वः गमिष्यामि ग्रामम् ।
मैं कल गांव को जाऊंगा ।

३ परश्वः आगमिष्यति सेवकः
नौकर परसों आएगा ।

४ अधुना किं करिष्यसि त्वम् ?
अब तू क्या करेगा ?

५ धर्मस्य हि भविष्यति जयः ।
धर्म की ही जीत होगी ?

६ स्वदेशे हि वत्स्यामि ।
मैं अपने देश ही में रहूंगा।

७ विदेशे न गमिष्यामः ।
परदेश को नहीं जायँगे ।

८ उपदेशे महालाभः भविष्यति।
उपदेश में बड़ा लाभ होगा ।

९ बालाः बालबोधं पठिष्यन्ति।
बालक बालबोध पढ़ेंगे ।

१० पाठकः ग्रन्थं रचयिष्यति ।
पाठक ग्रन्थ रचेगा ।

अनुवाद Translation.

१ हम पाठकजी से अब पाठ पढ़ेंगे ।

२ तू फिर यहां कब आएगा ?

३ मैं कल ग्राम को चलाजाऊंगा ।

४ बाल के बाल (केस) (वालाः, केशाः) अब नहीं गिरेंगे।

५ रसोइया (पाचक) आज नहीं पकाएगा (पक्ष्यति) ।

६ ऐतवार (आदित्यवारे) विद्यालय देखूंगा (द्रक्ष्यामि) ।

७ महाराज क्या पूछेगा ? (प्रक्ष्यति) ।

इति प्रथमः भागः समाप्तः ।

द्वितीयः भागः PART II.

प्रथमः पाठः Lesson I.

इकारान्त 'मुनि' शब्द, Sage पुंल्लिङ्ग M.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	मुनिः	मुनी	मुनयः
द्वि०	मुनिम्	मुनी	मुनीन्
तृ०	मुनिना	मुनिभ्याम्	मुनिभिः
च०	मुनये	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
पं०	मुनेः	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
ष०	मुनेः	मुन्योः	मुनीनाम्
स०	मुनौ	मुन्योः	मुनिषु
सं०	हे मुने !	हे मुनी !	हे मुनयः !

एवम्—

हरि—ईश्वर	भूपति—राजा	अग्नि—आग
रवि—सूरज	अरि—शत्रु	गिरि—पहाड़
ऋषि—ऋषि	कपि—बन्दर	असि—तलवार
कवि—शायर	दुन्दुभि—नगारा	निधि—खज़ाना

ज्ञा (धातु Root) जानना To Know.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	जानाति	जानीतः	जानन्ति
म० पु० II P.	जानासि	जानीथः	जानीथ
उ० पु० I P.	जानामि	जानीवः	जानीमः

वाक्य Sentences. पुं० M.

१ हरिः सर्वत्र वसति ।
ईश्वर सब ठौर (जगह) रहता है ।

२ मुनयः कुत्र गच्छन्ति ?
मुनि कहां जाते हैं ?

३ वयं कविं जानीमः ।
हम शायर को जानते हैं ।

४ भूपतेः निधिः अत्र अस्ति ।
राजा का खज़ाना यहां है ।

५ गिरेः कपयः पतन्ति ।
पहाड़ से बन्दर गिरते हैं ।

६ दुन्दुभिः तत्र नास्ति (न+अस्ति) ।
नगारा वहां नहीं है ।

७ हरये नमः ।
ईश्वर को नमस्कार ।

८ अहम् अधुना ऋषेः पृच्छामि ।
मैं अब ऋषि से पूछता हूं ।

९ गिरौ न वसामः ।
हम पहाड़ में नहीं बसते ।

१० श्रीमुने ! भूपतिः प्रणमति ।
मुनि जी ! पृथिवीपति (राजा) प्रणाम करता है ।

अनुवाद Translation.

१ अतिथि (पाहुना, मेहमान,) क्या कहता है ?

२ चन्द्रमणि का खज़ाना (निधि) है ।

३ हे कवि ! अब तू क्या चाहता है ?

४ मुनि पहाड़ों में भी (गिरिषु अपि) बसते हैं ।

५ यहां बन्दर (कपयः) आते जाते हैं ।

६ हरि सब ठौर रक्षा करता है (रक्षति) ।

७ मैं सूरजको (रविम्) देखता हूँ ।

द्वितीयः पाठः Lesson II.

उकारान्त 'साधु' शब्द, भलापुरुष, सन्त, Good man पुंलिङ्ग M.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	साधुः	साधू	साधवः
द्वि०	साधुम्	साधू	साधून्
तृ०	साधुना	साधुभ्याम्	साधुभिः
च०	साधवे	साधुभ्याम्	साधुभ्यः
पं०	साधोः	साधुभ्याम्	साधुभ्यः
ष०	साधोः	साध्वोः	साधूनाम्
स०	साधौ	साध्वोः	साधुषु
सं०	हे साधो !	हे साधू !	हे साधवः !

एवम्—

विष्णु—नारायण, परमेश्वर । गुरु—मन्त्र के उपदेश देने वाला, उस्ताद । बन्धु—सम्बन्धी ।

शम्भु—शिव, महादेव । प्रभु—स्वामी, मालिक । शिशु—बालक, बच्चा ।

भानु—सूरज । सिन्धु—समुन्दर । शत्रु—(रिपु) वैरी ।

विधु—चन्द्रमा । जन्तु—जीव, प्राणी । पशु—चौपाया ।

डुक्रीञ् (क्री) (धातु Root) मोल लेना, खरीदना To Buy.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	क्रीणाति	क्रीणीतः	क्रीणन्ति
म० पु० II P.	क्रीणासि	क्रीणीथः	क्रीणीथ
उ० पु० I P.	क्रीणामि	क्रीणीवः	क्रीणीमः

वि + क्री—बेचना To sell.

विक्रीणाति । विक्रीणीतः । विक्रीणन्ति ।

वाक्य Sentences.

१ श्रीगुरवे नमो नमः।
गुरुजी को नमस्कार २

२ साधो ! किं पृच्छसि ?
हे साधु ! तू क्या पूछता है ?

३ सिन्धौ अपि वसन्ति जन्तवः।
समुन्दर में भी जीव रहते हैं।

४ प्रभु पशून् क्रीणाति।
मालिक चौपायों को मोल लेता है।

५ शिशुभिः सह क्रीडन्ति शिशवः।
बच्चे बच्चों के साथ खेलते हैं।

६ श्रीविष्णवे प्रभवे नमः।
श्रीविष्णु प्रभु को नमस्कार।

७ राहुः केतुः च भानोः विधोः शत्रू स्तः।
राहु और केतु सूरज चान्द के शत्रु हैं।

८ पशवः किं खादन्ति तत्र ?
चौपाये वहां क्या खाते हैं ?

९ शत्रूणां शिशवः कुत्र वसन्ति ?
शत्रुओं के बच्चे कहां बसते हैं ?

१० श्रीगुरो ! प्रणमामि।
गुरुजी ! मैं प्रणाम करता हूं।

अनुवाद Translation.

१ श्रीमहादेव को (श्रीशम्भवे) नमस्कार २ (नमोनमः)
२ अब मालिक (प्रभुः) क्या कहता है ?
३ प्रभु विष्णु जीवों की रक्षा करता है। (जन्तून् रक्षति)
४ दयालु (कृपालु) गुरु जी कहां जाते हैं ?
५ मैं समुन्दर के (सिन्धोः) जीव (जन्तून्) देखता हूं।
६ शत्रु चौपाये (पशून्) नहीं बेचता है (विक्रीणाति)।
७ बच्चे (शिशवः) वहां क्या करते हैं ?

तृतीयः पाठः Lesson III.

ऋकारान्त 'पितृ' शब्द, पिता Father पुंलिङ्ग

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	पिता	पितरौ	पितरः
द्वि०	पितरम्	पितरौ	पितॄन्
तृ०	पित्रा	पितृभ्याम्	पितृभिः
च०	पित्रे	पितृभ्याम्	पितृभ्यः
पं०	पितुः	पितृभ्याम्	पितृभ्यः
ष०	पितुः	पित्रोः	पितृणाम्
स०	पितरि	पित्रोः	पितृषु
सं०	हे पितः !	हे पितरौ !	हे पितरः !

एवम्—भ्रातृ—भाई । जामातृ—जमाई, दामाद ।
देवृ—देवर, डेर । नृ—आदमी ।

ऋकारान्त 'कर्तृ' शब्द करनेवाला ।

प्र० कर्ता-कर्तारौ-कर्तारः । द्वि० कर्तारम्-कर्तारौ-कर्तॄन् । शेषं पितृवत् ।

एवम्—धर्तृ-धारण करने वाला । भर्तृ-पालना करने वाला, पति । हर्तृ-हरने वाला, चुरानेवाला, नाश करनेवाला ।

ग्रह (धातु Root) लेना, पकड़ना, To catch.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	गृह्णाति	गृह्णीतः	गृह्णन्ति
म० पु० II P.	गृह्णासि	गृह्णीथः	गृह्णीथ
उ० पु० I P.	गृह्णामि	गृह्णीवः	गृह्णीमः

वाक्य Sentences.

१ भ्रात्रा सह क्रीडामि ।
मैं भाई के साथ खेलता हूं ।

२ नरः किम् इच्छन्ति ?
आदमी क्या चाहते हैं ?

३ सदा प्रातः श्रीपितरं नमामः ।
हम सदा प्रातःकाल पिताजी को नमस्कार करते हैं ।

४ जामाता सायम् आगच्छति ।
जँवाई सायङ्काल आता है ।

५ पिता सदा रक्षति ।
पिता सदा रक्षा करता है ।

६ देवा भ्रातरं पृच्छति ।
देवर भाई को पूछता है ।

७ भ्राता किं कथयति ?
भाई क्या कहता है ?

८ पितुः भ्राता तत्र अस्ति ।
पिता का भाई वहां है ।

९ दातारः पुनः आगच्छन्ति ।
दाता फिर आते हैं

१० भर्तारं प्रणमामि ।
मैं भर्ता (पति) को प्रणाम करती हूं ।

अनुवाद Translation

१ पिताजी को नमस्कार (श्रीपित्रे नमः) ।
२ भाई लिखता है, मैं पढ़ता हूं ।
३ दामाद अब क्या चाहता है ?
४ अब मैं पिताजी के साथ (श्रीपित्रा सह) जाता हूं ।
५ हे भाई ! तू क्या पूछता है ?
६ करनेवाले आदमी (कर्तारः नरः) कहाँ हैं ?
७ पिताओं[1] (पितरों) को नमस्कार ।

---

1. जनिता चोपनीता च यस्तु विद्यां प्रयच्छति ।
अन्नदाता भयत्राता पञ्चैते पितरः स्मृताः ॥

चतुर्थः पाठः Lesson IV.

आकारान्त 'लता' शब्द बेल, वल्ली Creeper स्त्रीलिङ्ग F.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	लता	लते	लताः
द्वि०	लताम्	लते	लताः
तृ०	लतया	लताभ्याम्	लताभिः
च०	लतायै	लताभ्याम्	लताभ्यः
पं०	लतायाः	लताभ्याम्	लताभ्यः
ष०	लतयाः	लतयोः	लतानाम्
स०	लतायाम्	लतयोः	लतासु
सं०	हे लते !	हे लते !	हे लताः !

एवम्—

रमा–लक्ष्मी ।	अध्यापिका, पाठिका–पढ़नेवाली ।	पुत्रिका–बेटी, लड़की ।
उमा–पार्वती ।		पत्रिका–चिट्ठी, पत्री ।
शाला–जगह ।	कथा–कहानी ।	निशा–रात ।
बाला–लड़की ।	रथ्या–गली ।	अश्वा–घोड़ी ।
माला–माला, हार ।	वाटिका–बागीची ।	मञ्जूषा–संदूक ।

पूञ् (पू) (धातु Root) पवित्र करना To clean.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	पुनाति	पुनीतः	पुनन्ति
म० पु० II P.	पुनासि	पुनीथः	पुनीथ
उ० पु० I P.	पुनामि	पुनीवः	पुनीमः

वाक्य Sentences.

१ रमायै उमायै दुर्गायै च नमः।
लक्ष्मी पार्वती और दुर्गा को नमः।

२ पाठशालायां गायन्ति बालिकाः।
लड़कियाँ पाठशाला में गाती हैं।

३ अम्बया सह शनैः शनैः गच्छामि।
मैं मां के साथ धीरे धीरे जाती हूँ।

४ मञ्जूषायां (पेटिकायां) मुद्रिका नास्ति।
संदूक (पिटारी पेटी) में मुंदरी नहीं है।

५ पुत्रिकां प्रति पत्रिकां लिखा
पुत्री की ओर चिट्ठी लिखती है

६ श्रीगङ्गा पुनाति।
गङ्गा जी पवित्र करती है।

७ बालायाः माला नास्ति।
लड़की की माला नहीं है।

८ कमला पाकशालायां न पचति
कमला रसोईघर में नहीं पकाती है।

९ सरलायाः पत्रिका अस्ति।
सरला की चिट्ठी है।

१० विमला पाठशालां गच्छति।
विमला स्कूल को जाती है।

अनुवाद Translation

१ गङ्गा और यमुना कहां मिलती हैं ? (मिलतः)।

२ अपनी २ गलियों में लड़कियाँ रात को खेलती हैं।

३ दिवाली में लक्ष्मी की पूजा होती है।
(दीपमालायां रमायाः पूजा भवति)।

४ (शकुन्तला पुत्रिकां प्रति समाचारपत्रिकां प्रेषयति।)
शकुन्तला लड़की की ओर अख़बार भेजती है।

५ चन्द्रकान्ता की अंगूठी (मुद्रिका) कहां है ?

६ कृष्णा की स्लेट (पाषाणपट्टिका) नहीं है।

७ बाटिका में घोड़ी (अश्वा) खेलती है।

पञ्चमः पाठः Lesson V.

ईकारान्त 'नदी' शब्द, दरिया River स्त्रीलिङ्ग F.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	नदी	नद्यौ	नद्यः
द्वि०	नदीम्	नद्यौ	नदीः
तृ०	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः
च०	नद्यै	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
पं०	नद्याः	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
ष०	नद्याः	नद्योः	नदीनाम्
स०	नद्याम्	नद्योः	नदीषु
सं०	हे नदि !	हे नद्यौ !	हे नद्यः !

एवम्—

(शब्दाः)	(अर्थः)	(शब्दाः)	(अर्थः)	(शब्दाः)	(अर्थः)
जननी	माता	राज्ञी	रानी	नारी	स्त्री, औरत
पुत्री	बेटी	सखी	सहेली	कुमारी	कुआँरी कन्या
भगिनी	बहिन, भैण	नटी	नटनी	नगरी	शहर
पत्नी	अपनी स्त्री	दासी	सेवा करने वाली नौकरानी	वापी	बावली (ड़ी)

मुच्लृ (मुञ्च) (धातु Root) छोड़ना

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	मुञ्चति	मुञ्चतः	मुञ्चन्ति
म० पु० II P.	मुञ्चसि	मुञ्चथः	मुञ्चथ
उ० पु० I P.	मुञ्चामि	मुञ्चावः	मुञ्चामः

वाक्य Sentences.

१ श्रीजनन्यै नमः।
मां जी को नमस्कार।

२ दास्यः अत्र आगच्छन्ति।
दासियाँ यहां आती हैं।

३ नदीं गच्छन्ति नार्यः।
स्त्रियाँ नदी को जाती हैं।

४ नगर्यां राज्ञ्याः वापी अस्ति।
नगरी में रानी की बावली है।

५ राजकुमारी, पत्रीं लिखति।
राजकुमारी चिट्ठी लिखती है।

६ नगरीं न मुञ्चामि।
मैं नगरी को नहीं छोड़ती।

७ पत्रीं पठति पुत्री।
लड़की चिट्ठी पढ़ती है।

८ जननि! कुत्र असि?
हे मां! तू कहां है?

९ देवी सदा रक्षति।
देवी सदा रक्षा करती है।

१० नटी कुत्र गायति?
नटी कहां गाती है?

अनुवाद Translation.

१ लेखनी से पुत्री की ओर पत्री (चिट्ठी) लिखती हूं।
२ अब औरतें दरिया को नहीं जाती हैं।
३ माता अपने शहर (पुरी) में रहती है।
४ बहिन सहेलियों के साथ (सखीभिः सार्धम्) खेलती है,
५ श्रीलक्ष्मी तथा श्रीपार्वती को नमस्कार।
६ श्रीमती विद्यावती स्याही (मसी) चाहती है।
७ कलावती अब क्या कहती है?

षष्ठः पाठः Lesson VI.

ऋकारान्त 'मातृ' शब्द माता, माँ, Mother स्त्रीलिङ्ग F.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	माता	मातरौ	मातरः
द्वि०	मातरम्	मातरौ	मातृः

(शेषं पितृवत्)

'स्वसृ' शब्द बहिन भैण Sister स्त्री F.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	स्वसा	स्वसारौ	स्वसारः
द्वि०	स्वसारम्	स्वसारौ	स्वसृः

(शेषं पितृवत्)

वाक्य Sentences.

१ श्री मात्रे नमः । मां जी को नमस्कार ।

२ माता किं पृच्छति ? । मां क्या पूछती है ? ।

३ मातः ! प्रणमामि । माता ! मैं प्रणाम करता हूं ।

४ मातुः स्वसा आगच्छति ! मासी आती है ।

५ मातरं कथयामि ।.........मां को कहती हूं ।

अनुवाद Translation.

१ बेटी (दुहिता) अब पढ़ती नहीं ।

२ सब माताओं को नमो नमः । (मातृभ्यः नमो नमः) ।

३ बहिनें (स्वसारः) अब क्या चाहती हैं ? ।

४ मासी (मातुः स्वसा) क्या कहती है ? ।

---

१. राजपत्नी गुरोः पत्नी मित्रपत्नी तथैव च । पत्नीमाता स्वमाता च पञ्चैता मातरः स्मृताः॥

सप्तमः पाठः Lesson VII.

अकारान्त 'फल' शब्द मेवा Fruit परिणाम (नतीजा), नपुंसक लिङ्ग Neuter gender.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	फलम्	फले	फलानि
द्वि०	फलम्	फले	फलानि
तृ०	फलेन	फलाभ्याम्	फलैः
च०	फलाय	फलाभ्याम्	फलेभ्यः
पं०	फलात्	फलाभ्याम्	फलेभ्यः
ष०	फलस्य	फलयोः	फलानाम्
स०	फले	फलयोः	फलेषु
सं०	हे फल !	हे फले !	हे फलानि !

एवम्—

(शब्दाः) (अर्थः)	(शब्दाः) (अर्थः)	(शब्दाः) (अर्थः)
जल (पानीय)—पानी	पत्र—पत्ता, चिट्ठी	दुग्ध—दूध
बल—शक्ति, ज़ोर	छत्र—छाता, छतरी	घृत—घी
छल—छलना, धोखा	मित्र—मित्र	नवनीत—मक्खन
तल—नीचे का भाग	धन—रुपया पैसा	तक्र—छाछ
हल—हल	बन—जंगल	भोजन—भोजन

षिच (षिञ्च) (धातु Root) सींचना ।

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	सिञ्चति	सिञ्चतः	सिञ्चन्ति
म० पु० II P.	सिञ्चसि	सिञ्चथः	सिञ्चथ
उ० पु० I P.	सिञ्चामि	सिञ्चावः	सिञ्चामः

वाक्य Sentences.

१ शीतलं जलं कुत्राऽस्ति ?
ठंडा पानी कहां है ?

२ दुग्धं पिबामि, न तक्रम्।
मैं दूध पीता हूं छाछ नहीं।

३ धनेन हि मानं भवति।
धन से ही मान होता है।

४ लवपुरं न गच्छति मित्रम्।
मित्र लाहौर नहीं जाता है।

५ धनं विना सुखं नास्ति।
धन के विना सुख नहीं है।

६ मित्रस्य छत्रम् अत्रास्ति।
मित्र की छतरी यहां है।

७ फलानि तत्र न सन्ति।
फल वहां नहीं हैं।

८ सत्यं कथयामि नाऽसत्यम्।
मैं सच कहता हूं, झूठ नहीं।

९ ज्ञानेन हि सुखं मिलति।
ज्ञान से ही सुख मिलता है।

१० मित्रं प्रति पत्रं प्रेषयामि।
मित्र की ओर पत्र भेजता हूं।

अनुवाद Translation.

१ मित्र मित्र की ओर पत्र (चिट्ठी) लिखता है।
२ मित्र के साथ जंगल (वन) को जाता हूं।
३ मित्र ! पुण्य से सुख होता है, पाप से दुःख।
४ मित्र का छाता यहां नहीं है।
५ मित्र अब घर में (गृहे) नहीं है।
६ मित्र की पोथियाँ (पुस्तकानि) कहां हैं ?
७ सब मित्र पानी (पानीयम्) पीते हैं।

अष्टमः पाठः Lesson VIII.

इकारान्त 'वारि' शब्द पीना Water. न० लिं० N.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	वारि	वारिणी	वारीणि
द्वि०	वारि	वारिणी	वारीणि
तृ०	वारिणा	वारिभ्याम्	वारिभिः

उकारान्त 'मधु' शब्द, शहद-माखी, Honey.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	मधु	मधुनी	मधूनी
द्वि०	मधु	मधुनी	मधूनि
तृ०	मधुना	मधुभ्याम्	मधुभिः

एवम्—

(वारिवत्)	(मधुवत्)
(शब्दाः) (अर्थः)	(शब्दाः) (अर्थः)
दधि[1]–दही ।	वसु–धन–रुपया पैसा ।
अक्षि–आंख ।	अम्बु–जल, पानी ।
अस्थि–हड्डी ।	वस्तु–पदार्थ, चीज, वस्त ।
	पीलू–पीलूँ फल ।
	दारु–काठ, लकड़ी ।

कृती (कृन्त) (धातु Root) काटना, To Cut.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	कृन्तति	कृन्ततः	कृन्तन्ति
म० पु० II P.	कृन्तसि	कृन्तथः	कृन्तथ
उ० पु० I P.	कृन्तामि	कृन्तावः	कृन्तामः

---

१. तृ० दध्ना–दधिभ्याम्–दधिभिः । च० दध्ने–दधिभ्याम्–दधिभ्यः ।
तृ० अक्ष्णा–अक्षिभ्याम्–अक्षिभिः । च० अक्ष्णे–अक्षिभ्याम्–अक्षिभ्यः ।
तृ० अस्थ्ना–अस्थिभ्याम्–अस्थिभिः । च० अस्थ्ने–अस्थिभ्याम्–अस्थिभ्यः ।

वाक्य Sentences.

१ वारि चलति, न वा।
पानी चलता है, या नहीं।

२ वारि कुत्र वहति ?
पानी कहां बहता है ?

३ अत्र वारि पिबामि,।
मैं यहां पानी पीता हूँ।

४ वारिणि अस्थीनि पतन्ति।
पानी में हड्डियाँ गिरती हैं।

५ तत्र नास्ति (न+अस्ति) दधि
दही वहां नहीं है।

६ अक्षिभ्यां पश्यति।
आंखों से देखता है।

७ दध्ना सह खादामि।
दही के साथ खाता हूँ।

८ दारूणि न कृन्तामः।
हम लकड़ियाँ नहीं काटते हैं।

९ पीलूनि कुत्र सन्ति ?
पीलूँ कहां हैं ?

१० कुत्र मिलति मधु ?
शहद (माखी) कहां मिलती है ?

अनुवाद Translation

१ पानी के साथ लकड़ी चलती है, (वारिणा सह दारु चलति)

२ अब पानी नहीं चलता है।

३ आखों से पानी बहता है (अक्षिभ्यः वारि (अम्बु) वहति)

४ दही कहाँ मिलता है ? (मिलति ?)

५ यहां पीलूँ नहीं हैं (पीलूनि न सन्ति)

६ वहां बहुत धन है (तत्र बहु वसु अस्ति)

७ सब चीज़ वस्त मिलती हैं (वस्तूनि मिलन्ति)

नवमः पाठः Lesson IX.

अकारान्त 'सर्व' शब्द (सर्वनाम Pranoun)

ब० पुं० All. M.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	सर्वः	सर्वौ	सर्वे
द्वि०	सर्वम्	सर्वौ	सर्वान्
तृ०	सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः
च०	सर्वस्मै	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
पं०	सर्वस्मात्	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
ष०	सर्वस्य	सर्वयोः	सर्वेषाम्
स०	सर्वस्मिन्	सर्वयोः	सर्वेषु
सं०	हे सर्व !	हे सर्वौ !	हे सर्वे !

पठ् (धातु Root) लोट् Imperative mood.

(आज्ञा-प्रार्थना-आशीर्वाद इत्यादि अर्थों में लोट् लगाया जाता है)

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	पठतु-पठतात्	पठताम्	पठन्तु
म० पु० II P.	पठ-पठतात्	पठतम्	पठत
उ० पु० I P.	पठानि	पठाव	पठाम

डुकृञ् (कृ) (धातु Root) करना To do,

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र० पु० III P.	करोतु, कुरुतात्	कुरुताम्	कुर्वन्तु
म० पु० II P.	कुरु-कुरुतात्	कुरुतम्	कुरुत
उ० पु० I P.	करवाणि	करवाव	करवाम

सः करोतु,	तौ कुरुताम्,	ते कुर्वन्तु,
त्वं कुरु,	युवां कुरुतम्,	यूयं कुरुत,
अहं करवाणि,	आवां करवाव,	वयं करवाम,

एवम्—लिखतु । खादतु । वदतु । चलतु । पचतु । पश्यतु । पृच्छतु । गच्छतु । आगच्छतु । इच्छतु । यच्छतु । पिबतु । तिष्ठतु । धावतु । हसतु । रक्षतु । तरतु । परिभ्रमतु । पततु । वसतु । उत्तिष्ठतु । क्रीडतु । नमतु । चोरयतु । कथयतु । क्षालयतु । गणयतु । भवतु । अस्तु । शृणोतु । जानातु । क्रीणातु । विक्रीणातु । गृह्णातु । पुनातु । मुञ्चतु । सिञ्चतु । कृन्ततु ।

वाक्य Sentences.

१ अधुना सः गायतु ।
अब वह गाए ।

२ त्वं ग्रन्थं पठ ।
तू ग्रन्थ पढ़ ।

३ अहं किं करवाणि ?
मैं क्या करूं ?

४ सर्वे पठन्तु ।
सब पढ़ें ।

५ शीघ्रं कुरु ।
तू जल्दी कर ।

६ अत्र सर्वे आगच्छतु ।
यहां सब आएँ ।

७ सर्वेभ्यः नमः, अस्तु ।
सबको नमस्कार हो ।

८ यूयं तत्र हि पठत ।
तुम सब वहां ही पढ़ो ।

९ अहं कुत्र गच्छामि ?
मैं कहां जाऊं ?

१० शं भवतु सदा ।
सदा कल्याण हो ।

अनुवाद Translation.

१ हम अब क्या करें ? (करवाम ?)
२ सब वहां जाएँ, (गच्छन्तु)
३ तू अखबार पढ़ (समाचार पत्रं पठ)
४ मैं यहां क्या करूं ? (करवाणि ?)
५ तुम सब मत दौड़ो (मा धावत)

दशमः पाठः Lesson X.

हलन्त (व्यञ्जनान्त) शब्दाः ।

'इदम्' शब्द यह This पुं० M.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	अयम्	इमौ	इमे
द्वि०	इमम्	इमौ	इमान्
तृ०	अनेन	आभ्याम्	एभिः
च०	अस्मै	आभ्याम्	एभ्यः
पं०	अस्मात्	आभ्याम्	एभ्यः
ष०	अस्य	अनयोः	एषाम्
स०	अस्मिन्	अनयोः	एषु

'इदम्' शब्द This न० N.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	इदम्	इमे	इमानि
द्वि०	इदम्	इमे	इमानि

(शेषम् इदम् पुंलिङ्गवत्)

'इदम्' शब्द This स्त्री F.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	इयम्	इमे	इमाः
द्वि०	इमाम्	इमे	इमाः
तृ०	अनया	आभ्याम्	आभिः

च०	अस्यै	आभ्याम्	आभ्यः
पं०	अस्याः	आभ्याम्	आभ्यः
ष०	अस्याः	अनयोः	आसाम्
स०	अस्याम्	अनयोः	आसु

(इदम्–तद्–यद्–किम्–युष्मद्–अस्मद्, शब्दों का सम्बोधन नहीं होता)

विशेषणानि Adjectives.

	पुं० M.	स्त्री० F.	न० N.
अच्छा	उत्तमः	उत्तमा	उत्तमम्
बुरा	अधमः	अधमा	अधमम्
ठंठा	शीतलः	शीतला	शीतलम्
गर्म	उष्णः	उष्णा	उष्णम्
सारा	सर्वः	सर्वा	सर्वम्
आधा	अर्धः	अर्धा	अर्धम्
पक्का	पक्वः	पक्वा	पक्वम्
कच्चा	अपक्वः	अपक्वा	अपक्वम्

वाक्य Sentences.

पुं० M.	स्त्री० F.	न० N.
१ अयं बालः उत्तमः अस्ति ।	१ इयं बाला उत्तमा अस्ति ।	१ इदं फलम् उत्तमम्, अस्ति ।
यह लड़का अच्छा है ।	यह लड़की अच्छी है ।	यह फल अच्छा है ।
२ इमे सर्वे अध्यापकाः सन्ति ।	२ इमाः सर्वाः अध्यापिकाः सन्ति ।	२ इमानि सर्वाणि मित्राणि सन्ति ।
ये सब अध्यापक हैं ।	ये सब अध्यापिकाएँ हैं ।	ये सब मित्र हैं ।

३ अस्मै श्रीशिवाय नमः। इस श्री शिव के लिये नमस्कार।	३ अस्यै श्रीशिवायै नमः। इस श्री पार्वती के लिये नमस्कार।	३ अस्मै श्रीमित्राय नमः। इस श्री मित्र के लिये नमस्कार।
४ एभिः बालकैः सह क्रीडामि। मैं इन लड़कों के साथ खेलता हूं।	४ आभिः बालिकाभिः साकं गायामि। मैं इन लड़कियों के साथ गाती हूं।	४ एभिः मित्रैः सार्धं परिभ्रमामि। मैं इन मित्रों के साथ सैर करता हूं।

अनुवाद Translation.

पुं० M.	स्त्री० F.	न० N.
१ बालक कहां पढ़ते हैं? बालकाः कुत्र पठन्ति?	१ बालिकाएँ वहां जाती हैं। बालिकाः तत्र गच्छन्ति।	१ मित्र यहां आते हैं। मित्राणि अत्र आगच्छन्ति।
२ इस विद्यालय में ये सुलेख लिखते हैं। अस्मिन् विद्यालये इमे सुलेखं लिखन्ति।	२ इस पाठशाला में ये गाती हैं। अस्यां पाठशालायाम् इमाः गायन्ति।	२ इस बाग़ में ये फल नहीं हैं। अस्मिन् उद्याने इमानि फलानि न सन्ति।
३ यह सारा समय अच्छा है। अयं सर्वः समयः शोभनः अस्ति।	३ यह सारी घड़ी अच्छी है। इयं सर्वा घटिका शोभना अस्ति।	३ यह सारा दिन अच्छा है। इदं सर्वं दिनं शोभनम् अस्ति।

एकादशः पाठः Lesson XI

हलन्त (व्यञ्जनान्त) शब्दाः ।

'तद्' शब्द + वह That पुं. M. 'तद्' शब्द वह स्त्री. F.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	सः	तौ	ते	सा	ते	ताः
द्वि०	तम्	तौ	तान्	ताम्	ते	ताः
तृ०	तेन	ताभ्याम्	तैः	तया	ताभ्याम्	ताभिः
च०	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः	तस्यै	ताभ्याम्	ताभ्यः
पं०	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः	तस्याः	ताभ्याम्	ताभ्यः
ष०	तस्य	तयोः	तेषाम्	तस्याः	तयोः	तासाम्
स०	तस्मिन्	तयोः	तेषु	तस्याम्	तयोः	तासु

'तत्' शब्द वह न० N. 'किम्' शब्द कौन

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.				
				पुं०	कः,	कौ,	के,
प्र०	तत्,	ते,	तानि	स्त्री०	का,	के,	काः,
द्वि०	तत्,	ते,	तानि	न०	किम्	के,	कानि,

(शेषं पुंल्लिङ्गवत्) (शेषं पूर्ववत्)

पुंल्लिङ्ग स्त्रीलिङ्ग शब्दाः M. F. Words.

पुं० M.	स्त्री० F.	पुं० M.	स्त्री० F.	पुं० M.	स्त्री० F.
पाठकः—	पाठिका	देवः—	देवी	श्रीमान्—	श्रीमती
अध्यापकः—	अध्यापिका	गोपः—	गोपी	भगवान्—	भगवती

बालकः—बालिका	कुमारः—कुमारी	भाग्यवान्—भाग्यवती
बालः—बाला	सिंहः—सिंही	बुद्धिमान्—बुद्धिमती
अश्वः—अश्वा	हस्ती—हस्तिनी	धनवान्—धनवती
अजः—अजा	विद्वान्—विदुषी	गुणवान्—गुणवती
एडकः—एडका	युवा—युवती	मानवान्—मानवती

वाक्य Sentences.

पुंलिङ्ग M.	स्त्रीलिङ्ग F.
१ ॐ नमः शिवाय । श्री शिव को नमस्कार ।	१ ॐ शिवायै नमः । श्री पार्वती को नमस्कार ।
२ सः कुमारः किं करोति ? वह कुमार क्या करता है ?	२ सा कुमारी कथयति कथाम् । वह कुँआरी लड़की कहानी कहती है ।
३ कस्य नरस्य अयम् अश्वः ? किस आदमी का यह घोड़ा ?	३ कस्याः नार्याः इयम् अश्वा ? किस औरत की यह घोड़ी ?
४ बालकाः पाठकेन सह गच्छन्ति । लड़के अध्यापक के साथ जाते हैं ।	४ बालिकाः पाठिकया समम् आगच्छन्ति । लड़कियाँ अध्यापिका के साथ आती हैं ।
५ तस्मै देवाय नमः । उस देव को नमस्कार ।	५ तस्यै देव्यै नमः । उस देवी को नमस्कार ।

अनुवाद Translation.

पुंलिङ्ग M.	स्त्रीलिङ्ग F.
१ ये कौन आदमी हैं ?	१ ये कौन औरतें हैं ?
इमे के नराः सन्ति ?	इमाः काः नार्यः सन्ति ?
२ कुमार ! तू कहां जाता है ?	२ कुमारी ! तू क्या करती है ?
कुमार ! त्वं कुत्र गच्छसि ?	कुमारि ! किं करोषि ?
३ पिता को विद्वान् (पण्डित:) पुत्र प्रिय होता है ?	३ माता को विदुषी पुत्री प्रिय होती है।
पितुः विद्वान् पुत्रः प्रियः भवति।	मातुः विदुषी (पण्डिता) पुत्री प्रिया भवति।
४ वह कुत्ता भौंकता है।	४ वह कुत्ती कहां है ?
सः श्वा भषति।	सा शुनी कुत्राऽस्ति ?

द्वादशः पाठः Lesson XII.

हलन्त (व्यञ्जनान्त) शब्दाः। पुं० स्त्री० न० M. F. N.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	त्वम्	युवाम्	यूयम्
द्वि०	त्वाम्	युवाम्	युष्मान्
तृ०	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
च०	तुभ्यम्	युवाभ्याम्	युष्मभ्यम्
पं०	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
ष०	तव	युवयोः	युष्माकम्
स०	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

'युष्मद्' तू-तुम Thou or you 'अस्मद्-' मैं, हम I or We.

	ए० S.	द्वि० D.	ब० P.
प्र०	अहम्	आवाम्	वयम्
द्वि०	माम्	आवाम्	अस्मान्
तृ०	मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
च०	मह्यम्	आवाभ्याम्	अस्मभ्यम्
पं०	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
ष०	मम	आवयोः	अस्माकम्
स०	मयि	आवयोः	अस्मासु

क्त्वा (त्वा) Perfect participle.

कर—कर के ।

